पीपुल्स समाचार

# मप्र की रंजना यादव ने एशियाई युवा खेलों में जीता रजत पदक

खेल संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9009709528



बहरीन के रिफा में 23 से 26 अक्टूबर 2025 तक आयोजित तीसरे एशियन यूथ गेम्स में मप्र की एथलीट रंजना यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को एथलेटिक्स में पहला पदक दिलाया।

रंजना ने गुरुवार को हुई लड़कियों की 5000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में 23 मिनट 25.88 सेकंड के समय के साथ रजत पदक अपने नाम किया। चीन की लियू शियी ने 24:15.27 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की जियोंग चायेओन 25:26.93 सेकंड में तीसरे स्थान पर रहीं। रंजना के इस शानदार प्रदर्शन से पदक तालिका में भारत के अब कुल छह पदक (2 रजत और 4 कांस्य) हो गए हैं। इससे पहले भारत ने कुराश में एक रजत और दो कांस्य, जबकि ताइक्वांडो में दो कांस्य पदक जीते हैं। रंजना की इस उपलब्धि ने मध्य प्रदेश और देश का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया है।

नवदुनिया
भोपाल, शुक्रवार, 24 अक्टूबर, 2025

# एशियन यूथ गेम्स में मप्र अकादमी की रंजना यादव ने जीता रजत पदक

## मुकाबला ● बहरीन में आयोजित स्पर्धा में 5000 मीटर पैदल चाल में हासिल की जीत

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बहरीन में आयोजित हो रहे तीसरे एशियन यूथ गेम्स में मप्र राज्य अकादमी की प्रतिभाशाली एथलीट रंजना यादव ने 5000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक जीता। रंजना यादव ने 24:25.88 सेकंड के समय में यह सफलता प्राप्त की।

रंजना ने अभी हाल में ही भुवनेश्वर में आयोजित नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। इसी आधार पर रंजना का चयन भारतीय दल में किया गया था। रंजना मप्र राज्य एथलेटिक्स अकादमी के मुख्य कोच एसके प्रसाद के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने बताया कि रंजना बहुत ही अनुशासित और प्रतिभाशाली



रंजना यादव। ● सौजन्यः आयोजक

एथलीट हैं। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रही हैं।

## समरदीप स्वर्ण पदक के इरादे से उतरेंगे आज

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : मप्र राज्य एथलेटिक्स अकादमी के प्रतिभाशाली एथलीट समरदीप सिंह गिल शुक्रवार को रांची में आयोजित हो रही चौथी साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के इरादे से मैदान में उतरेंगे। चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में समरदीप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रकुल व एशियन गेम्स के लिए भी क्वालीफाई किया था। प्रशिक्षक संदीप सिंह का दावा है कि समरदीप जिस फार्म में है, वह आसानी से स्वर्ण पदक जीत सकते हैं। समरदीप का लक्ष्य 2028 लास एंजेलिस ओलिंपिक में भारतीय टीम का



समरदीप सिंह अपने प्रशिक्षक संदीप सिंह के साथ। ● सौजन्यः आयोजक

प्रतिनिधित्व करना है। वह अपने लक्ष्य की तरफ तेजी से बढ़ रहा है।